दैनिक भास्कर
बिलासपुर भास्कर 19-07-2025

# जस्टिस कोशी बने तेलंगाना हाई कोर्ट के एक्टिंग सीजे

बिलासपुर | छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के पूर्व जज और वर्तमान में तेलंगाना हाई कोर्ट में पदस्थ जस्टिस पी सैम कोशी को तेलंगाना हाई कोर्ट का एक्टिंग चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया है। राष्ट्रपति ने संविधान के अनुच्छेद 223 के तहत उनकी नियुक्ति की है। यह नियुक्ति वर्तमान एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजॉय पॉल के कलकत्ता हाई कोर्ट तबादले के बाद की गई है। जस्टिस कोशी त्रिपुरा हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस अपरेश कुमार सिंह के तेलंगाना हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के पद पर कार्यभार ग्रहण करने पर जिम्मेदारी संभालेंगे।